भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2151

गुरुवार, 4 जुलाई, 2019/13 आषाढ़, 1941 (शक)

आगरा और फतेहपुर सीकरी के बीच एलीवेटेड फ्लाईओवर

2151. श्री राज कुमार चाहरः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आगरा और फतेहपुर सीकरी के बीच एलीवेटेड फ्लाईओवर के माध्यम से यात्रियों की सुविधा के लिए आगरा शहर को एनएच-11 से जोड़ने के लिए विगत में कोई योजना बनायी गयी थी;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो आगरा के शाहगंज क्षेत्र में लम्बे यातायात जाम के मुद्दे को हल करने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाये गए हैं/उठाये जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): रारा-11 (आगरा जयपुर कॉरिडोर) का आगरा से महुआर तक लगभग 18 किमी खंड को भारतमाला परियोजना के तहत अंतर गलियारा मार्ग के रूप में चिंहित किया गया था। इस खंड के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट शुरू कर दी गई है। इन खंडों का विकास कार्य डीपीआर के परिणाम, परियोजना व्यवहार्यता और निधि की उपलब्धता के आधार पर किया गया है।

*****